## एक नजर में

### महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कसरावद का खेल उत्सव प्रारंभ

**कसरावद, निप्र।** महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कसरावद मे वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ किया गया। वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ अभिभाषक संघ अध्यक्ष नवीन कुमार जोशी एडव्होकेट कसरावद एवं शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश ठाकुर ने किया।इस अवसर पर खेल उत्सव का प्रारंभ किकेट मैच से किया गया। किकेट मैच के शुभारंभ पर वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विन कुमार जोशी, नवीन बार्चे, देवदत्त एक्कल, सुधीर सराफ एवं स्कूल के संचालक एवं अभिभाषक संघ कसरावद के उपाध्यक्ष अधिवक्ता बृजेश कुमार व्यास ने स्कूली बच्चो एवं किकेट खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया गया। प्रथम मैच कक्षा 9 वीं एवं कक्षा 10 वीं के विद्यार्थीयों के बीच हुआ, जिसमें टॉस स्कूल के टीचर रणजीतसिंह मंडलोई ने कराया। किकेट मैच में 9 वीं से लगाकर 12 वीं तक के बच्चो ने टीम बनाकर भाग लिया।



स्कूल में किकेट के अलावा कबड्डी, खो-खो, लांग जम्प, बेडमिंटन, शतरंज, 100 मीटर दौड़ आदि खेलो का भी आयोजन किया गया। उक्त खेलो में संस्था के विद्यार्थीयों ने बड़चढ़कर भाग लिया। संस्था के डायरेक्टर राजेश कुमार व्यास, निलेश कुमार व्यास ने बताया कि स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव के अलावा विद्यार्थीयों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु नखरालीधाणी इंदौर भी ले जाया गया तथा नखरालीधाणी इंदौर में भी विद्यार्थीयो ने शैक्षणिक भ्रमण कर शैक्षणिक टूर का आनंद लिया। छोटे-छोटे बच्चो ने ऊँट की सवारी, घोड़ा गाड़ी की सवारी, गाड़ी बैल की सवारी आदि की तथा मैजिक शो एवं सांस्कृतिक नृत्यों का आनंद लिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण सीमा पाटीदार, मीना भाटी, रवि गुर्जर, अंकुश पाटीदार, सावन मुजाल्दे, हेमंत गांगले, प्रवीण पटोदा तथा अन्य शिक्षकगण, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### कायाकल्प टीम ने दौरा कर प्री एसेमेंट का आयोजन किया, देखी अस्पताल की बारीकियां




**गोगावा, निप्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में आज कायाकल्प प्री-एस्सेसमेंट का आयोजन किया गया।इस दौरान बुरहानपुर से पधारे एसेसर डॉ. पूजा शाक्य एवं सुनील इमाने (डी.क्यू.एम., बुरहानपुर) द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, अभिलेख संधारण सहित सभी आवश्यक बिंदुओं की बारीकियों से जांच की गई।एसेसर द्वारा एनआरसी (NRC) एवं स्टोर कक्ष का भी जायजा लिया गया तथा उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जांच के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए तथा स्वास्थ्य केंद्र में किए जा रहे अच्छे कार्यों की प्रशंसा की गई।इस निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. आशाराम खारते, बीपीएम आशीष पवार, बीसीएम, बीईई, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बन रहे ओवर ब्रिज का कार्य तेज गति से जारी



**सनावद, निप्र।** पुनासा-सनावद मार्ग पर लंबे समय से लगने वाले भयंकर ट्रैफिक जाम से शहरवासियों को जल्द राहत मिलने वाली है। सरकार द्वारा स्वीकृत पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास बनाए जा रहे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य इन दिनों तेज गति से चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। यह ओवर ब्रिज पूरा होने के बाद पुनासा से सनावद आने-जाने वाले भारी वाहनों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को लगातार उठाने और जनता की आवाज को प्रमुखता से प्रकाशित करने में नवभारत समाचार पत्र की अहम भूमिका रही है। समाचार पत्र ने निर्माण कार्य की हर प्रगति को प्रमुखता से छापा और आम जनता तक सही जानकारी पहुंचाई। आगे भी कार्य में आने वाली किसी भी रुकावट या प्रगति की पल-पल की खबर नवभारत अपने पाठकों तक पहुंचाता रहेगा। शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई है। डॉ. प्रवीण अधिकारी, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री दुर्गाशंकर पाटीदार, समाजसेवी चंचल नारानिया, प्रमुख व्यापारी सुनील नरिया, ऑनलाइन कार्यों में दक्ष चेतन सेन तथा सेन समाज के अध्यक्ष भगवान सेन ने समाचार पत्र के माध्यम से लगातार आवाज उठाई। इनके प्रयासों से प्रशासन पर दबाव बना और कार्य में तेजी आई। सनावद की जनता इन सभी लोगों की आभारी है और उम्मीद करती है कि शीघ्र ही यह ओवर ब्रिज बनकर शहर की सबसे बड़ी ट्रैफिक समस्या का स्थायी समाधान बनेगा।

# आस्था, विश्वास और समर्पण की झलक

## पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब ने किया नगर भ्रमण, श्रद्धालुओं ने किया नमन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** हिन्दरक्षक, सरबंसदानी श्री गुरुगोबिंद सिंघ जी का 359 वां प्रकाश पर्व श्री गुरुसिंघ सभा द्वारा श्रद्धा- भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। प्रकाशोत्सव के निमित्त शुक्रवार को नगर में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। श्री गुरुसिंघ सभा प्रधान हरचरण सिंह भाटिया, सेक्रेटरी कमलजीत सिंह गांधी ने बताया नगर शाम 4 बजे पंज प्यारों सोनू भाटिया, संथू भाटिया, पुरख चावला, कुलदीप चावला, संदीप भाटिया की अगुवाई में श्री तिलक पथ स्थित श्री गुरुद्वारा साहेब से नगर कीर्तन की शुरुआत हुई। फूलों से सुसज्जित गुरुद्वारा स्वरुप में सजाए गए रथ में श्री गुरुग्रंथ साहिब को विराजित कर कीर्तन की शुरुआत की गई। निशान साहब की सेवा राजवीर चावला, प्रभजोत सिंह ने की। जबकि पालकी साहिब को




फूलों से सजावट का सौभाग्य सभा संरक्षक मंजीत सिंह चावला को मिला। नगर कीर्तन के चलते चहुंओर गुरु के प्रति आस्था, विश्वास और समर्पण की झलक देखने को मिली। शहर के मुख्य मार्गों पर जहां एक ओर नगर कीर्तन में गुरु की महिमा का बखान हो रहा था, तो वही सुसज्जित बग्घी में विराजित श्री गुरुग्रंथ साहिब की सेवा में हर कोई नतमस्तक हो रहा था। समाज की बालिकाओं ने नगर कीर्तन के मार्ग में झाड़ू से साफ-सफाई कर पंज प्यारों और गुरुग्रंथ साहिब की अगुवानी की। कीर्तन में बैंड-बाजों पर गुरुवाणी की धुनों ने सभी के मन रूपी मोर को गुरुगोबिंदसिंघ जी की भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। वाहे गुरु दा खालसा, वाहे गुरु दी फतह, जो बोले सो निहाल के जयघोष गुजायमान होता रहा। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्पवर्षा सहित स्वल्पाहार से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन करीब 5 घंटे तक शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए रात 9 बजे पुन: श्री गुरुद्वारा साहब पहुंचा। सेक्रेटरी गांधी ने बताया 27 दिसंबर को गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें दिल्ली से पहुंच रहे पन्थ प्रसिद्ध कीर्तनिये भाई सतपाल सिंह के जत्थे द्वारा अपनी ओजस्वी वाणी में गुरबाणी का जसगान करेंगे। कीर्तन दरबार के समापन बाद दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक गुरुद्वारा साहिब में गुरु की अटूट लंगर का आयोजन होगा।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की शहादत की कहानी सुनाई



**मंडलेश्वर, निप्र।** सिक्खों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय गुरुद्वारा साहब को विशेष रूप से सजाया गया अवसर था गुर गोविंद सिंह को दो साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को नमन करने का उनकी शहादत को याद करते हुए विशेष दीवान सजाए गए जिसमें समूह संगत द्वारा वाहेगुरु सिमरन किया गया।प्रो कुलविंदर सिंह भाटिया ने इतिहास के पन्नो को साझा किया उन्होंने बताया कि किस प्रकार वजीर खान ने छोटे साहिबजादो एवं माता गुजरी जी को 140 फीट ऊंचे ठंडे बुर्ज में कैद किया साहिबजादो ने सरहद की कचहरी में अपने तर्कों और जोश से वजीर खान और उसके दीवानों की बोलती बंद कर दी थी।जब वजीर खान लालच और भय से उनको धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर ना कर सका तो उसने साहिबजादो को दीवारों में चुनवाने का फतवा जारी करवा दिया। जब उन्हें दीवारों में चुनवाया जा रहा था तब भी दोनों वीर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जयकारे लगा रहे थे।जब साहिबजादे शहीद हुए और ये बात माता गुजरी जी को पता चली तो उन्होंने भी अपने प्राण त्याग दिए थे।वीर बाल दिवस समर्पित है उन बाल योद्धाओं को जिन्होंने धर्म के लिए स्वयं को समर्पित कर अपना बलिदान दिया। मात्र 6 वर्ष और 9 वर्ष की उम्र में दोनों साहिबजादों ने अपना बलिदान देकर उच्च आदर्श स्थापित किया उनके इस बलिदान को स्वीकार कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को दोनों साहिबजादों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी।

## हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर बस्तियों में बैठकें



**बड़वाह, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले आगामी हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर की विभिन्न बस्तियों में बस्ती स्तर की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में महादेव बस्ती, श्री राम बस्ती एवं माधव बस्ती में बैठकें आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। महादेव बस्ती के आनंदेश्वर मंदिर में आयोजित बैठक में 'आनंदेश्वर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति' का गठन किया गया। समिति में गणेश पटेल को कार्यक्रम संयोजक, गगन भाटिया एवं बंटी लोठ को सह-संयोजक, राहुल वर्मा को निधि प्रमुख, रौनक खंडेलवाल को सह-निधि प्रमुख तथा दीपक ठाकुर को प्रचार प्रमुख नियुक्त किया गया। वहीं नगर के निधि प्रमुख ओमप्रकाश बिल्लोरे ने बताया की श्री राम बस्ती एवं माधव बस्ती की संयुक्त बैठक महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें दोनों बस्तियों की संयुक्त आयोजन समिति का गठन करते हुए समिति का नाम 'माँ सरस्वती हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति' रखा गया। इसमें ताराचंद गोखले को कार्यक्रम संयोजक, लक्ष्मीचंद अमई एवं आकाश अकावलिया को सह-संयोजक, धनसिंह गौड़ को निधि प्रमुख, अशोक भालसे को सह-निधि प्रमुख तथा दिलीप शर्मा एवं शुभम शर्मा को प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठकों में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का वातावरण निर्मित करने के लिए बस्तियों में प्रभात फेरी, घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा तथा नागरिकों को पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में उपस्थित नगर प्रचार प्रमुख समीर माहुले ने बताया कि हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में पंच परिवर्तन, हिंदू एकता एवं राष्ट्र निर्माण के विचारों को विशेष महत्व दिया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, लव जिहाद एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी



**मंडलेश्वर, निप्र।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक राजकुमार मेव ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक निवास पर अटल जी का जन्म दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्ति को दिलाना ही अटल जी को सच्ची श्रद्धांजली है, वाजपेई जी ने राजनीति को सत्ता नहीं बल्कि सेवा माना। । इस अवसर पर सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ताओं साथ साइकिल से घूमते थे अटलजी :-** स्थानीय जुहरमल जैन धर्मशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भी अटलजी की जयंती सादगी पूर्वक मनाई गई।इस अवसर पर अटल जी के चित्र पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश चन्द व्यास महेन्द्र कुमार जैन राजीव काले पुरुषोत्तम सिंह पवार अल्पसंख्यक नेता हाफीज कुरैशी आदिल खान दिनेश पाटीदार पायलट ,अजा मोर्चा के ताराचंद भार्गव ने पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अटलजी को याद करते हुए उनके मंडलेश्वर प्रवास के संस्मरण साझा किए। चर्चा में ज्ञात हुआ कि अटल जी महेश्वर मंडलेश्वर क्षेत्र में कई दिन रुके और पार्टी का कार्य किया उनके साथ कार्य करने वाले कई कार्यकर्ता आज भी है जिनमें महेश्वर के मीसाबंदी रमेश मित्तल पथराड के बाबू सिंह पटेल पाडल्या के तिलोक चंद जैन मंडलेश्वर के बाला भैया हलवे पद्माकर नरहरी वालीवडेकर एडवोकेट वी जी काले वकील साहब प्रमुख है उस समय सुंदरलाल पांडे महेश्वर में संगठन मंत्री के रूप में कार्य कर रहे थे वह एक ऐसा दौर था जब वाहनों की कमी थी तब अटल जी आसपास के क्षेत्रों में अपने कार्यकर्ताओं के साथ सायकल पर बैठकर दौरा करते थे।

# पांच हजार से अधिक शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

## सरकार पर लगाया पूर्व से मिल रही वरिष्ठता छीनने का आरोप, भोपाल में शिक्षकों का धरना आंदोलन

**बिस्टान, निप्र।** नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, पुरानी पेंशन बहाली, ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने तथा अनुकंपा नियुक्ति नियमों के सरलीकरण की मांग को लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों ने राजधानी भोपाल में जोरदार प्रदर्शन किया। राज्य के 55 जिलों से लगभग पांच हजार से अधिक शिक्षक एकजुट होकर अंबेडकर पार्क पहुंचे और सरकार की नीतियों के खिलाफ खुलकर आक्रोश जताया। राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया एवं संतोष सोलंकी ने बताया कि सुबह 11 बजे से अंबेडकर पार्क में शुरू हुआ यह आंदोलन शाम 5 बजे तक चला, जहां शिक्षकों ने सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने की मांग को लेकर जोरदार





नारेबाजी की और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग दोहराई। दोपहर में प्रशासन द्वारा राज्य शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री निवास ले जाया गया, जहां प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में कार्यालय प्रमुख को सौंपा गया।प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के अंदर सरकार द्वारा वरिष्ठता सहित अन्य मांगों पर निर्णय नहीं लिया जाता तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए जगदीश यादव ने कहा कि वर्ष 2018 से पहले शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता मिलती थी, लेकिन सरकार ने राज्य शिक्षा सेवा लागू करने के नाम पर वास्तव में शिक्षकों की वरिष्ठता छीन ली है। यादव ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था को भी गलत नीति करार देते हुए कहा कि जब शिक्षक बेहतर शैक्षणिक परिणाम दे रहे हैं, तब ऐसी अव्यवहारिक व्यवस्था थोपना शिक्षकों के सम्मान के खिलाफ है। । खरगोन जिले से राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन में प्रभुराम मालवीय, आशीष तिवारी , घनश्याम पटेल , अजय जोशी , ग्यारसीलाल पटेल, शैलेन्द्र वर्मा ,संतोष सोलंकी , सुनील पाटीदार, दिलीप पाटीदार, महेश पाटीदार, दीपक पटेल, नरेंद्र राठौर, संजय बेस,अजय पाटीदार, गोकुल सिटोले, त्रिलोक यादव, महेश पाटीदार , भगवानपुरा अमित बर्वे , सत्येंद्र सिंह तोमर ,रामलाल वर्मा,सुनील सेंगर ,आशुतोष सोहनी ,बंशीलाल भवर, के सी पाटीदार, भूपेंद्र पाटीदार दिनेश मंडलोई, धर्मेंद्र पाठक, भास्कर पाटिल, गिरीश पालीवाल, राकेश वर्मा, जितेंद्र सोहनी, भास्कर पाटिल, लखन राय, प्रकाश पटेल, रेवाराम चौहान, दशरथ वास्कले, दशरथ राठोरे, बाबूलाल राठौर, भुवानसिंह डुडवे, रामेश्वर अंडेलकर, मनीष पाटीदार, खुमानसिंह धार्वे, तुकाराम अकोले ,भारत मुजाल्दे, राजेंद्र खोडे, रमेश डावर, सावन चौहान, मुकेश झिल्लै आदि थे।

**एक नजर में** | पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव एवं पूर्व कृषि मंत्री कसरावद विधायक सचिन यादव ने विजेताओं को दी बधाई

# जेआईटी में अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिताओं का समापन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन एथेलेटिक्स मीट का बुधवार 24 दिसम्बर 2025 को सायं 5 बजे पश्चात् पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ । इसके अंतर्गत इन्दौर नोडल के अंतर्गत आने वाले 15 विभिन्न इंजीनियरिंग एवं फॉर्मेसी महाविद्यालयों के 255 खिलाडियों ने एथेलेटिक्स महिला एवं पुरूष वर्ग की स्पर्धाओं में भाग लिया जिसमें 100 मीटर , 200 मीटर , 400 मीटर , 800 मीटर , 1500 मीटर दौड़ तथा 5000 मीटर एवं 10000 मीटर मैराथन दौड का आयोजन हुआ । इसके साथ साथ फील्ड स्पर्धाओं में गोला फेंक , चक्का फेंक, भाला फेंक,




उॅची कूद, लम्बी कूद व त्रिकुद के महिला एवं पुरूष वर्ग की स्पर्धायें आयोजित हुई । इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय , डीन डॉ. सुनील सुगंधी , स्पोर्ट्स प्रभारी प्रो. कपिल शाह , प्रशिक्षक स्वपनिल वराडे एवं तकनीकी कॉलेजों के कोच एवं खेल अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाए दी । इस प्रतियोगिता में जे.आई.टी. बोरावां ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वहीं, एक्रोपॉलिस इंजीनियरिंग कॉलेज, इंदौर ने कड़ी टक्कर देते हुए रनर-अप ट्रॉफी हासिल की । विजेता विद्यार्थियों में : संस्था के स्पोर्ट्स इंचार्ज प्रो. कपिल शाह ने जानकारी दी कि बेस्ट एथलीट (महिला) का खिताब नंदिनी गोलकर जे.आई.टी. बोरावां को दिया गया, जिन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा बनाए रखा । बेस्ट एथलीट (पुरुष) का खिताब आयुष हाड़ा एक्रोपॉलिस इंजीनियरिंग, इंदौर ने हासिल किया। उन्होंने ट्रिपल जम्प में प्रथम स्थान और 800 मीटर दौड़ में भी पदक प्राप्त किया।

**प्रमुख खेल परिणामों की झलकियां**

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न रोमांचक मुकाबले हुए, जिसके प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे। 10000 मीटर मैराथन (पुरुष) अमन यादव जेआयटी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि हर्षित कुमरावत जेआयटी दूसरे और गौतम बोकड़ी एसवीसीपी तीसरे स्थान पर रहे । 10000 मीटर मैराथन (महिला) पूनम पगारे जेआयटी ने प्रथम, जाग्रति झाका जेआयटी ने द्वितीय और क्षेत्रा पाण्डेय जीएसआईटीएस इन्दौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । 1500 मीटर (महिला) नंदिनी गोलकर जेआयटी प्रथम, दिव्या पहाड़िया (एक्रोपॉलिस) द्वितीय और दिशा बोरासी जेआयटी तृतीय स्थान पर रहीं ।

## तीन दिवसीय मेले का आयोजन

**भीकनगांव, निप्र।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम जामन्या बुजुर्ग में मोठी माता के तीन दिवसीय मेले का आयोजन 2 जनवरी से 4 जनवरी तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे पूर्व विधायक धूलसिंग डावर जनपद पंचायत भीकनगांव अध्यक्ष सरदार रावत नगर परिषद भीकनगांव की अध्यक्षा श्रीमती सुधा विजय महाजन रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए मेला समिति अध्यक्ष पदम नायक उपाध्यक्ष अनोखी लाल चौहान अमृतलाल सोनी कमल राठौर और बिरजू चौहान ने आम जनता से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक



तादाद में मेले में उपस्थित होकर मेले का आनंद उठाएं माताजी का आशीर्वाद प्राप्त करें।